# प्रदेश सरकार क्लस्टर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये सिडबी से लेगी 523 करोड़ रुपए ऋण

## चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी की बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार ने क्लस्टर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिये भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से 523 करोड़ रुपए ऋण लेने का फैसला लिया है।

## प्रमुख बिंदु

- यह ऋण वित्त वर्ष 2021-22 के लिये लिया जाएगा, जो काफी कम ब्याज दर पर मिलेगा। इस ऋण का उपयोग पदमा स्कीम व प्रदेश सरकार की अन्य क्लस्टर डेवलपमेंट स्कीमों के लिये किया जा सकेगा।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में क्लस्टर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास से नई-नई इंडस्ट्री स्थापित होंगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को ज्यादा-से-ज्यादा नौकरियाँ भी मिलेंगी।
- इसके तहत प्रदेश सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये पदमा स्कीम की रूपरेखा तैयार कर ली है। जल्द ही इस स्कीम को लॉन्च किया जाएगा।
- इसके तहत वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट का लक्ष्य लेकर हर ब्लॉक में एक नया औद्योगिक क्लस्टर स्थापित किया जाएगा। इससे उस क्षेत्र के संबंधित उद्योगों को सीधे फायदा मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-government-will-take-loan-of-rs-523-crore-from-sidbi-for-cluster-infrastructure